दैनिक भारत कि

# तामीर


संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-२ ला | अंक-११७ वा | शनिवार ४ जुलै २०२६ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रुपये | पन्ने - ४


# दूध में मिलावट करने वालों की अब खैर नहीं, नियम तोड़े तो लाइसेंस होगा रद्द : तुकाराम मुंढे

## महाराष्ट्र में दूध और दुग्ध उत्पादों के लिए २५ सख्त नियम लागू, 'फार्म टू प्लेट' निगरानी व्यवस्था शुरू



**मुंबई । जमीर काजी कि रिपोर्ट**
**महाराष्ट्र में दूध और दुग्ध उत्पादों में बढ़ती मिलावट पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने अब तक का सबसे बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे ने मुंबई में आयोजित पत्रकार परिषद में दूध उत्पादकों, डेयरी संचालकों, वितरकों और विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अब मिलावट, लापरवाही और नियमों के उल्लंघन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लाइसेंस रद्द करने सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।**

मुंढे ने बताया कि राज्यभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों के लिए २५ नए दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं। ये नियम दूध उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक पहुंचने वाली पूरी श्रृंखला पर लागू होंगे। फार्म टू प्लेट प्रणाली के तहत दूध संग्रह केंद्र, चिलिंग सेंटर, प्रोसेसिंग यूनिट, पैकेजिंग इकाइयां, परिवहन, थोक एवं खुदरा विक्रेता तथा पनीर, दही, घी, मक्खन, क्रीम, चीज, खोवा और आइसक्रीम बनाने वाली सभी इकाइयों को इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने कहा कि दूध में पानी, सिंथेटिक दूध, यूरिया, डिटर्जेंट, कॉस्टिक सोडा, स्टार्च, ग्लूकोज, मेलामाइन अथवा अन्य किसी भी प्रकार की मिलावट पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बिना लाइसेंस कारोबार, गलत लेबलिंग, तापमान नियंत्रण (कोल्ड चेन) में लापरवाही तथा अस्वच्छ तरीके से उत्पादन एवं भंडारण को भी गंभीर अपराध माना जाएगा।

तुकाराम मुंढे ने स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण दूध उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही ईमानदार दूध उत्पादकों और डेयरी व्यवसायियों को उचित संरक्षण और प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में नियमित निरीक्षण, सैंपल जांच और विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई होगी।

उन्होंने डेयरी उद्योग से जुड़े सभी लोगों से खाद्य सुरक्षा एवं मानकों का पूरी तरह पालन करने की अपील की और कहा कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिलेगी। एफडीए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक जांच के माध्यम से दूध की गुणवत्ता की निगरानी करेगा ताकि उपभोक्ताओं तक सुरक्षित खाद्य पदार्थ पहुंच सकें।

एफडीए आयुक्त ने नागरिकों से भी अपील की कि यदि उन्हें दूध या दुग्ध उत्पादों में मिलावट अथवा गुणवत्ता संबंधी कोई शिकायत मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं बल्कि पूरे दुग्ध क्षेत्र में पारदर्शिता, स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है, ताकि महाराष्ट्र में मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## राम मंदिर लूट के आरोप पर उद्धव ठाकरे का भाजपा पर हमला, कहा- अब मंदिर लुटेरों को हिंदू माफ नहीं करेगा

### ५ जुलाई को दादर में 'रामरक्षा आंदोलन' का ऐलान



मुंबई । जमीर काज़ी
शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के दान एवं चढ़ावे के करोड़ों रुपये के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने भाजपा के खिलाफ सीधे संघर्ष का ऐलान करते हुए ५ जुलाई को मुंबई के दादर स्थित हनुमान मंदिर के सामने रामरक्षा आंदोलन आयोजित करने की घोषणा की।

शुक्रवार को अपने निवास 'मातोश्री' में आश्र योजित पत्रकार परिषद को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश में राम मंदिर किसी धार्मिक कारण से नहीं, बल्कि कथित आर्थिक अनियमितताओं के कारण चर्चा में है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश में राजनीतिक दलों को तोड़ा जा रहा है, विधायकों की खरीद-फरोख्त की जा रही है और इसे विभिन्न नाम दिए जा रहे हैं। अब भाजपा ऑपरेशन राम मंदिर चला रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के दान को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं और कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कथित रूप से इस धन का ▶▶पान ४ पे

## नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों की स्मृति में कांग्रेस रंजनी पाटील के नेतृत्व में निकाला कैंडल मार्च

### सुखना लेक पर दी श्रद्धांजलि, कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र सरकार पर बोला हमला



चंडीगढ़ ३ जुलाई (एजेंसी): देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और इन परिस्थितियों से जुड़े तनाव के कारण जान गंवाने वाले विद्यार्थियों की स्मृति में शुक्रवार को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सुखना झील पर कैंडल मार्च निकाला।

मार्च का नेतृत्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की चंडीगढ़ प्रभारी एवं ▶▶पान ४ पे

## अकोला के उप जिला निबंधक पर एसीबी की बड़ी कार्रवाई, जलगांव स्थित आवास से लगभग २.९५ करोड़ रुपये की नकदी, सोना और संपत्ति दस्तावेज बरामद



संवाददाता: मोईन क़ाज़ी
जलगांव : महाराष्ट्र के अकोला में कार्यरत सहजिला निबंधक एवं मुद्रांक जिलाधिकारी (वर्ग-१) किरण पुरुषोत्तम चौधरी के जलगांव स्थित विष्णुनगर क्षेत्र के आवास पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा की गई तलाशी में लगभग २ करोड़ ९४ लाख ६४ हजार ८४७ रुपये मूल्य की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, संपत्ति संबंधी दस्तावेज तथा अन्य कीमती सामान बरामद किया गया। इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में व्यापक चर्चा शुरू हो गई है।

एसीबी के अनुसार, किरण चौधरी (५७) को २६ जून को एक शिकायतकर्ता से १० हजार रुपये ▶▶पान ४ पे




# मुंबई से जारी मौसम चेतावनी : महाराष्ट्र के कई हिस्सों में ७ जुलाई तक भारी से अति भारी बारिश की संभावना

मुंबई । प्रतिनिधि

३ एवं ४ जुलाई :

कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी तथा एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। विदर्भ के कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा तथा मराठवाड़ा के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में कुछ स्थानों पर गरज-चमक, बिजली गिरने तथा ४० से ५० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं विदर्भ में ३० से ४० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और बिजली गिर सकती है।

५ जुलाई :

कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी तथा एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है। विदर्भ में भी भारी से अति भारी तथा मराठवाड़ा में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। विदर्भ में गरज-चमक, बिजली गिरने और ३० से ४० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

६ जुलाई :

कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी तथा एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। मराठवाड़ा और विदर्भ में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। विदर्भ में गरज-चमक, बिजली गिरने तथा ३० से ४० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

७ जुलाई :

कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा तथा विदर्भ में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। विदर्भ में गरज-चमक, बिजली गिरने और ३० से ४० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।



संभावित प्रभाव

भारी एवं अति भारी वर्षा के कारण कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा के प्रभावित क्षेत्रों में शहरी इलाकों में जलभराव, सड़कों पर स्थानीय स्तर पर बाढ़ जैसी स्थिति, निचले इलाकों में पानी भरने तथा अंडरपास बंद होने की आशंका है। दृश्यता कम हो सकती है, कच्ची सड़कों को नुकसान पहुंच सकता है, कमजोर भवनों को क्षति पहुंचने तथा पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन या चट्टानें खिसकने की घटनाएं हो सकती हैं।

गरज-चमक और तेज हवाओं के कारण कमजोर पेड़ एवं अस्थायी निर्माण क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। नई फलदार पौधों, फूलों तथा खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है।

जनसामान्य के लिए सलाह

भारी वर्षा के दौरान यात्रा पर निकलने से पहले यातायात की स्थिति की जानकारी अवश्य लें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। जिन क्षेत्रों में अक्सर जलभराव होता है, वहां जाने से बचें। कमजोर एवं जर्जर भवनों में रहने से परहेज करें।

गरज-चमक और तेज हवाओं के दौरान खुले स्थानों तथा खेतों में कार्य न करें। पेड़ों या अस्थायी संरचनाओं के नीचे शरण न लें। बिजली से चलने वाले उपकरणों को प्लग से अलग कर दें।

फसलों पर संभावित प्रभाव

भारी एवं अति भारी वर्षा के कारण धान और रागी की नर्सरी में जड़ों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है, पौधे पीले पड़ सकते हैं तथा उनके नष्ट होने की आशंका है। कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और विदर्भ के कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं के कारण टमाटर एवं केले की फसल गिर सकती है।

कृषि सलाह

धान एवं रागी की नर्सरी से अतिरिक्त पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करें। नई फलदार बागवानी, छोटे फलदार पौधों तथा सब्जियों की फसलों को लकड़ी या बांस का सहारा दें। पकी हुई सब्जियों और फलों की जल्द से जल्द कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखें। टमाटर और केले के पौधों को सहारा दें तथा पशुओं को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें।

# गेवराई के भूमिपुत्र बाबू कोकाट को राज्यपाल के हाथों मिला 'शेतीमित्र' पुरस्कार

बीड/गेवराई।
काजी अमान

गेवराई तहसील के ठाकर आडगांव निवासी किसान मित्र बाबू (त्र्यंबक) कोकाट को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महाराष्ट्र शासन का 'वसंतराव नाईक शेतीमित्र पुरस्कार' प्रदान किया गया। यह सम्मान १ जुलाई को मुंबई के वरली स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में आयोजित समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णू देव वर्मा के हाथों प्रदान किया गया।

पुरस्कार स्वरूप उन्हें स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र तथा १ लाख २० हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर उनका एवं




उनकी पत्नी का भी सम्मान किया गया। इस उपलब्धि पर विभिन्न स्तरों से उन्हें बधाइयाँ दी जा रही हैं।

समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार, कृषि मंत्री दत्तात्रय भरणे, जलसंपदा मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील, रोजगार गारंटी एवं बागवानी मंत्री भरत गोगावले, राज्य मंत्री आशीष जायसवाल, राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पुरस्कार प्राप्त किसान तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बाबू कोकाट ने पिछले सात-आठ वर्षों से संध्या मल्टी सर्विसेस एवं सीएससी केंद्र के माध्यम से युवा किसान मित्र की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने गांव-गांव और खेतों तक पहुँचकर किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई, जिससे क्षेत्र के अनेक किसानों को लाभ मिला। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें पहले भी तहसील, जिला और राज्य स्तर पर कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

इस सम्मान पर कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, किसान भाइयों तथा उनके मित्रों ने बाबू कोकाट को शुभकामनाएँ दी हैं।

# कर्तव्यनिष्ठ एवं विद्यार्थियों के प्रिय प्रधानाध्यापक उस्मान खान शाहिस्ता खान का गौरवपूर्ण सेवानिवृत्ति समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न



बीड । संवाददाता

बीड, जुलाई २०२६ शिक्षक समाज का शिल्पकार होता है और उसके ज्ञान से अनेक पीढ़ियों का निर्माण होता है। विद्यार्थियों के प्रति प्रेम, अनुशासन, ईमानदारी और सेवा-भाव जैसे गुणों के कारण प्रधानाध्यापक उस्मान खान शाहिस्ता खान ने शिक्षा जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनका कार्य भावी शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है। यह विचार विभिन्न गणमान्य अतिथियों ने व्यक्त किए।

जिला परिषद उर्दू प्राथमिक विद्यालय, जुना बाजार, बीड के कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासनप्रिय एवं विद्यार्थियों के प्रिय प्रधानाध्यापक उस्मान खान शाहिस्ता खान के सेवानिवृत्ति अवसर पर १ जुलाई २०२६ को गैलेक्सी हॉल, बीड में भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में पत्नी मसरत जबीन के साथ किया गया।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ विस्तार अधिकारी तुकाराम जाधव ने की। मुख्य अतिथियों में केंद्र प्रधानाध्यापक विजयकुमार समुद्र, केंद्र प्रमुख श्रीमती माया सोनवणे, शफीक हाश्मी, काजी मखदूम, शेख मुसा, अब्दुल रशीद खान, हकीम मनियार, डॉ. हाश्मी,काजी सिराज भाई 'गुलाम ताहिर भाई' चांद साहब ' एजाज बेग, पूर्व विस्तार अधिकारी गौतम चोपडे, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेख मैनुद्दीन, लाल वायकर, समूह नेता खुर्शीद आलम सहित केंद्र के सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, जिले के शिक्षकों, मित्रों, पूर्व विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने उस्मान खान शाहिस्ता खान खा उनकी पत्नी मसरत जबीन के संग शॉल, श्रीफल, पुष्पहार, स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-चिह्न प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम की प्रस्तावना सैयद रिजवान ने प्रस्तुत की। उन्होंने उस्मान खान के लंबे शैक्षणिक जीवन, उनकी ईमानदारी, अध्ययनशीलता, अनुशासनप्रियता तथा विद्यार्थी-केंद्रित कार्यशैली की सराहना की। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन काजी मुशाहेद अजीज ने किया।

अध्यक्षीय संबोधन में तुकाराम जाधव ने कहा कि उस्मान खान शाहिस्ता खान ने अपने सेवाकाल में विद्यालय की गुणवत्ता, अनुशासन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी को अपने बच्चे की तरह स्नेह दिया। उनकी कार्यशैली, सेवा-भाव और समर्पण सभी के लिए आदर्श है।

केंद्र प्रधानाध्यापक विजयकुमार समुद्र ने कहा कि उस्मान खान शांत, संयमी और सभी को साथ लेकर चलने वाले कुशल नेतृत्वकर्ता रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों का भी संरक्षण किया। केंद्र प्रमुख श्रीमती माया सोनवणे ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा, समय का सदुपयोग, विद्यार्थियों के प्रति आत्मीयता तथा सहकर्मियों के साथ मधुर संबंधों के कारण उस्मान खान ने सभी के दिलों में स्थायी स्थान बनाया है।

अंत में उन्होंने कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथियों, शिक्षा अधिकारी सोनवणे साहब, सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, मित्रों, पूर्व विद्यार्थियों, परिजनों, शुभचिंतकों तथा आयोजन समिति के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने उस्मान खान शाहिस्ता खान के स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मान, आत्मीयता, कृतज्ञता और भावनाओं से ओतप्रोत यह गौरवपूर्ण सेवानिवृत्ति समारोह उपस्थित लोगों के लिए सदैव स्मरणीय बन गया।

# वोट चोरी, सीट चोरी और पार्टी चोरी के बाद अब नागरिकता छीनने की साजिश : मीनाक्षी नटराजन

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना लोकतंत्र के साथ अन्याय, अब दूसरी आजादी की लड़ाई की जरूरत : हर्षवर्धन सपकाल

मुंबई । जमीर काजी

देश इस समय लोकतंत्र के गंभीर संकट से गुजर रहा है। पहले वोट चोरी किए गए, फिर सीटें छीनी गईं, उसके बाद राजनीतिक दलों को तोड़ा गया और अब नागरिकों की नागरिकता छीनने का प्रयास किया जा रहा है। यह लोकतंत्र और संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। नागरिकता छिनने का अर्थ लोगों के संवैधानिक और मानवीय अधिकारों का हनन है। इसलिए लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी को आवाज उठानी चाहिए। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन ने कही।

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से मुंबई स्थित तिलक भवन में लोकतंत्र बचाओ संकल्प सभा का




आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी नटराजन तथा तुषार गांधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने की। इस अवसर पर विधान परिषद में कांग्रेस विधायक दल के नेता सतेज उर्फ बंटी पाटिल, सचिन सावंत, चरणजीत सपरा, अलका महाजन, तीस्ता सीतलवाड़, चित्रा राणे, जयंत दीवान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर लोकतंत्र के साथ अन्याय किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में आज करो या मरो जैसी स्थिति बन गई है और अब दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। देश में आज दो विचारधाराओं के बीच संघर्ष चल रहा है-एक मनुवादी और दूसरी संविधानवादी। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

विधान परिषद में कांग्रेस विधायक दल के नेता सतेज उर्फ बंटी पाटिल ने कहा कि पिछले १२ वर्षों में देश की परिस्थितियां पूरी तरह बदल गई हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था गंभीर संकट में है। सरकार लगातार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के आंदोलन में १५ से २५ वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की बड़ी भागीदारी जरूरी है क्योंकि देश की लगभग ५४ प्रतिशत आबादी इसी वर्ग की है। उन्होंने इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग करने का आह्वान किया।

तुषार गांधी ने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति अंग्रेजों के शासनकाल से भी अधिक चिंताजनक है। लोगों को वैचारिक रूप से गुलाम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान का विरोध नया नहीं है और सत्ता में बैठी भाजपा उन संस्थाओं को कमजोर कर रही है जो संविधान को मजबूत बनाती हैं। इसलिए संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन की आवश्यकता है।

इस अवसर पर अलका महाजन और तीस्ता सीतलवाड़ ने भी लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

पान १ वरून

### राम मंदिर लूट के आरोप पर उद्धव ठाकरे ...

इस्तेमाल अन्य राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए किया जा रहा है। यदि ऐसा है तो यह अत्यंत गंभीर मामला है।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कभी कहा था, अब हिंदू मार नहीं खाएगा। उसी संदर्भ में उन्होंने कहा, अब मंदिर लुटेरों को हिंदू माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग मंदिरों की संपत्ति और श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें हिंदू समाज उचित जवाब देगा।

उन्होंने घोषणा की कि ५ जुलाई, रविवार को दादर स्थित हनुमान मंदिर के सामने आयोजित रामरक्षा आंदोलन में सभी हिंदुओं और राम भक्तों को, बिना किसी राजनीतिक दल का भेदभाव किए, शामिल होने का निमंत्रण है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में शिवसेना के नेता, जनप्रतिनिधि और वे सभी लोग शामिल होंगे जिन्होंने हिंदुत्व और बालासाहेब ठाकरे के विचारों को नहीं छोड़ा है।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि आंदोलन के दौरान रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान स्तोत्र और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके बाद पूरे महाराष्ट्र के जिलों, शहरों और गांवों में जहां-जहां राम मंदिर और हनुमान मंदिर हैं, वहां इसी प्रकार के आंदोलन आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आषाढ़ी वारी की शुरुआत भी हो रही है और उन्हें विश्वास है कि वारकरी समुदाय सहित सभी राम भक्त इस मुद्दे पर एकजुट होंगे तथा भाजपा से इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग करेंगे।

----------

### अकोला के उप जिला निबंधक पर एसीबी...

की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में अकोला के सिटी कोतवाली पुलिस थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा ७ एवं १२ के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान पता चला कि आरोपी का निवास जळगांव के विष्णुनगर स्थित साईप्रभा आर्केड में है। इसके बाद भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-२०२३ की धारा १८६ के तहत जलगांव एसीबी को तलाशी के आदेश दिए गए।

एसीबी के अनुसार, प्रारंभिक कार्रवाई के समय मकान बंद मिलने पर पंचों की उपस्थिति में उसे सील कर दिया गया था। हालांकि, २८ जून की तड़के लगभग दो बजे आरोपी के कुछ रिश्तेदारों द्वारा मकान के पीछे की गैलरी का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर कथित रूप से साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद एसीबी अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों को पकड़ लिया। इस मामले में जलगांव के जिल्हापेठ पुलिस थाने में अलग से प्रकरण दर्ज किया गया है।

इसके बाद २ जुलाई को आरोपी की पत्नी मनीषा चौधरी की उपस्थिति में दो सरकारी पंचों, स्वर्ण मूल्यांकन विशेषज्ञ, बैंक कैशियर तथा चिकित्सक की मौजूदगी में विस्तृत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान १ करोड़ ५३ लाख ८४ हजार ६३० रुपये नकद, ४२२.१०० ग्राम सोने के आभूषण (मूल्य ६० लाख ५७ हजार १३५ रुपये), १५४.५०० ग्राम चांदी के आभूषण (मूल्य ३१ हजार ४१६ रुपये), ६२ लाख १३ हजार ३७६ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति के दस्तावेज, ११ लाख ५२ हजार ७४५ रुपये की सोना खरीद संबंधी रसीदें तथा ६ लाख २५ हजार ५४५ रुपये मूल्य का अन्य कीमती घरेलू सामान जब्त किया गया।

एसीबी ने बताया कि जब्त सामग्री का कुल मूल्य २ करोड़ ९४ लाख ६४ हजार ८४७ रुपये है। मामले की आगे की जांच जारी है।

यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक योगेश ठाकुर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक स्मिता नवघरे, पुलिस निरीक्षक रेश्मा अवतारे, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश पाटिल तथा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने संयुक्त रूप से संपन्न की।

----------

### नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के...

पूर्व सांसद रजनी पाटिल, चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में मोमबत्तियां, बैनर और तख्तियां लेकर मार्च में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। रजनी पाटिल ने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने से युवाओं का परीक्षा प्रणाली पर भरोसा कमजोर हुआ है।

उन्होंने कहा कि वर्षों की मेहनत के बावजूद ऐसी घटनाएं विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं और यह गंभीर चिंता का विषय है। सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि युवाओं को पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि बेरोजगारी और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी से युवा निराश हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन समस्याओं ने लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों को प्रभावित किया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि दी और निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली तथा रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

-----

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharash-tra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com